**निर्वाचन अधिकारी,**
**भारतीय केन्द्रीय चिकित्सा परिषद हेतु निर्वाचन 2016,**
**कैम्प कार्यालय– आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवा निदेशालय,**
**उत्तराखण्ड, डांडा लखौण्ड, सहस्त्रधारा रोड़,**
**पो0 गुजराड़ा, देहरादून।**

संख्या 10 /सी0सी0आई0एम0 चुनाव– 01/2016 दिनांक 26.08.2016

## चुनाव अधिसूचना

एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि आयुष मंत्रालय, आयुष विभाग, भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक **20 जुलाई 2016** द्वारा उत्तराखण्ड राज्य हेतु भारतीय केन्द्रीय चिकित्सा परिषद में आयुर्वेद– 01 (एक) सीट के निर्वाचन हेतु अधोहस्ताक्षरी को उत्तराखण्ड राज्य हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। अतः भारतीय केन्द्रीय चिकित्सा परिषद में उत्तराखण्ड राज्य का प्रतिनिधित्व किये जाने हेतु भारतीय केन्द्रीय चिकित्सा परिषद अधिनियम 1970 की धारा–3 की उपधारा –1 के खण्ड–क एवं भारतीय केन्द्रीय चिकित्सा परिषद (निर्वाचन) नियम–1975 के नियम 7 के अन्तर्गत आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के एक सदस्य का चुनाव सम्पन्न किया जाना है।

### चुनाव कार्यक्रम की रूपरेखा निम्नवत है।

| क्रमांक | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | नाम निर्देशन पत्र निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में जमा करने की तिथि | दिनांक 29.08.2016 से दिनांक 01.09.2016 (कार्यालय कार्य दिवसों में) (प्रातः 11.00 बजे से सायं 3.00 बजे तक) दिनांक 01.09.2016 अन्तिम तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे के बाद नाम निर्देशन पत्र स्वीकार नहीं किये जाएगें। |
| 2 | नाम निर्देशन पत्रों की जांच | दिनांक 02.09.2016 (प्रातः 11.00 बजे से निरन्तर) |
| 3 | आपत्तियों का निस्तारण एवं नाम निर्देशन रद्द करने की तिथि | दिनांक 03.09.2016 (प्रातः 11.00 बजे से 3.00 बजे तक) |
| 4 | नाम निर्देशन वापस लेने की अन्तिम तिथि | दिनांक 10.09.2016 (सायं 3.00 बजे तक) |
| 5 | चुनाव मतपत्रों की रजिस्ट्री द्वारा प्रेषण की अन्तिम तिथि | दिनांक 15.09.2016 |
| 6 | मत पत्रों को प्राप्त करने की अन्तिम तिथि (व्यक्तिगत/डाक द्वारा) | दिनांक 05.10.2016 (सायं 5.00 बजे तक) डाक वितरण या अन्य किसी भी कारण से निर्धारित समय के बाद प्राप्त मतपत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। |
| 7 | बाहरी लिफाफों को खोला जाना | दिनांक 06.10.2016(सायं 5.00 बजे से कार्य समाप्ति तक) |
| 8 | मतपत्रों की संवीक्षा एवं गणना | दिनांक 07.10.2016 प्रातः 10.00 बजे से परिणाम की घोषणा तक। |

वे चिकित्सक जिनका नाम आयुर्वेद चिकित्सक के रूप में भारतीय चिकित्सा परिषद उत्तराखण्ड के स्टेट रजिस्टर में पंजीकृत हो तथा भारतीय केन्द्रीय चिकित्सा परिषद अधिनियम में निहित शर्तों के अनुसार अर्ह हों, सदस्य पद के चुनाव हेतु नामांकन पत्र निर्धारित तिथि तथा समय में निर्वाचन अधिकारी के कैम्प **कार्यालय आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवा निदेशालय, उत्तराखण्ड, डांडा लखौण्ड, सहस्त्रधारा रोड़, पो0 गुजराड़ा, देहरादून** से प्राप्त कर सकते हैं। यदि कोई कठिनाई हो तो निम्नवत दूरभाष पर सम्पर्क कर सकते हैं।

निर्वाचन अधिकारी/अपर सचिव आयुष – 0135 2712026
कैम्प कार्यालय (आयुर्वेद एवं यूनानी सेवा निदेशालय) – 0135 2608742

**नोट**–मतदाता सूची भारतीय चिकित्सा परिषद उत्तराखण्ड देहरादून की वेवसाइट **www.bcputtrakhand.in** तथा कैम्प कार्यालय में निरीक्षण हेतु उपलब्ध है।

(जी0बी0 ओली)
अपर सचिव/निर्वाचन अधिकारी,
सी0सी0आई0एम0 चुनाव–2016